# प्रधानमंत्री ने झारखंड में लगभग 7,200 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया

## चर्चा में क्यों?

15 नवंबर, 2023 को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड के 23वें स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड में रेल, सड़क, शिक्षा, कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस जैसे कई क्षेत्रों में 7200 करोड़ रुपए राशि की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया।

प्रमुख बिंदु

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के खूँटी से प्रमुख सरकारी योजनाओं की परिपूर्णता सुनिश्चित करने के लिये 'विकसित भारत यात्रा' का शुभारंभ किया।
- प्रधानमंत्री मोदी ने 7200 करोड़ रुपए राशि की जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया, उनमें भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची का नया परिसर, आईआईटी-आईएसएम धनबाद का एक नया छात्रावास, बोकारो में पेट्रोलियम, तेल और लुब्रिकेंट (पीओएल) डिपो तथा हटिया-पकरा, तलगरिया-बोकारो और जारंगडीह-पतरातू खंडों में रेल पटरियों का दोहरीकरण शामिल है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के खूंटी से देश भर के 8 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के अंतर्गत 18,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि की 15वीं किस्त भी जारी की। प्रधानमंत्री ने एक बटन दबाकर डिजिटल रूप से राशि हस्तांतरित की।
  - प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) दुनिया की सबसे बड़ी प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) योजनाओं में से एक है, जिसका उद्देश्य किसानों को उनकी कृषि और अन्य आकस्मिक जरूरतों को पूरा करने में सहायता करना है।
  - योजना के तहत लाभार्थी किसानों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपए की वित्तीय सहायता तीन समान किस्तों में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जाती है।
- प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर 24,000 करोड़ रुपए के बजट वाली एक पहल, 'पीएम जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान' का शुभारंभ किया। इस अभियान का उद्देश्य आदिवासी समूहों का समग्र विकास सुनिश्चित करना है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gift-of-schemes-worth-rs-7042-crore-on-jharkhand-foundation-day-1